वाराणसी पुलिस : आपकी अपनी पुलिस

कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वाराणसी

फ़ोन + 91-542-2502655/2502644, फैक्स-91-542-2501450,

ईमेल-sspvns-up@nic.in, Facebook-policevaranasi

संख्या: पीआरओ 59/2020 दिनांक: दिसम्बर, 17/2020

# *प्रेस नोट*

दिनांक 16.12.2020 को थाना लालपुर पाण्डेयपुर के उ0नि0 सन्तोष कुमार यादव चौकी प्रभारी लालपुर मय हमराह पुलिस बल के चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन/गस्त करते हुए रिंग रोड आजमगढ रोड अण्डर पास पर पहुँचे, वहा पहले से एक व्यक्ति पिठठू बैग लिये खड़ा दिखाई दिया, जो पुलिस टीम को देखकर सकपका गया और आजमगढ की ओर रोड पर भागने लगा, संदेह होने पर मौके पर मौजूद पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग कर उक्त व्यक्ति को पकड़ लिया गया। नाम पता पूछते हुऐ भागने का कारण पूछा गया तो उसने अपना नाम रितेश पाण्डेय पुत्र जय प्रकाश पाण्डेय निवासी बघैला थाना चांद जिला भभुआ (बिहार) हाल पता पटेल नगर कालोनी थाना लंका (नगवा) वाराणसी (किरायेदार कल्यान सिंह का मकान ) बताया, साथ ही बताया कि मैं बैग में नाजायज गांजा रखा हूँ पकड़े जाने की डर से आप लोगों को देखकर भाग रहा था। मौके पर मौजूद पुलिस द्वारा बैग की तलाशी ली गयी तो बैग के अन्दर से दो पोटली में 03 किलो 200 ग्राम नाजायज गांजा बरामद हुआ। उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना लालपुर-पाण्डेयपुर पुलिस द्वारा अभियुक्त रितेश पाण्डेय उपरोक्त को समय करीब 18.30 बजे गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

***गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-***

- रितेश पाण्डेय पुत्र जय प्रकाश पाण्डेय निवासी बघैला थाना चांद जिला भभुआ (बिहार) हाल पता पटेल नगर कालोनी थाना लंका (नगवा) वाराणसी (किरायेदार कल्यान सिंह का मकान)

***बरामदगी का विवरण-***

- 03 किलो 200 ग्राम नाजायज गांजा

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-***

- उ0नि0 सन्तोष कुमार यादव चौकी प्रभारी लालपुर, उ0नि0 राजकुमार पाण्डेय चौकी प्रभारी पाण्डेयपुर, का0 दीपक कुमार सिंह, का0 अवधेश पाल व का0 शिवमूरत थाना लालपुर-पाण्डेयपुर जनपद वाराणसी।

प्रभारी निरीक्षक
सोशल मीडिया सेल
जनपद वाराणसी।


पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश
मो. 9454400101
अपर पुलिस महानिदेशक, वाराणसी जोन
मो. 9454400145
पुलिस महानिरीक्षक, वाराणसी परिक्षेत्र

वाराणसी पुलिस : आपकी अपनी पुलिस

कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वाराणसी

फ़ोन + 91-542-2502655/2502644, फैक्स-91-542-2501450,

ईमेल-sspvns-up@nic.in, Facebook-policevaranasi

संख्या: पीआरओ 60/2020 दिनांक: दिसम्बर, 17/2020

***प्रेस नोट***

दिनांक 16.12.2020 को चौकी प्रभारी मातलदेई थाना रोहनियाँ जनपद वाराणसी मय हमराह पुलिस बल के देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन/गस्त करते हुए चौकी क्षेत्र ग्राम काजीचक पहुँचे, जहां रोड़ के किनारे स्थित दुकानों पर कुछ संदिग्ध व्यक्ति बैठकर शराब पी रहे थे, जिन्हे सार्वजनिक स्थान पर बैठकर शराब पीने से रोका टोका गया तथा संदिग्ध प्रतीत होने पर उनकी तलाशी ली जाने लगी तो उक्त व्यक्तियों द्वारा पुलिस वालों से उलझने लगे और वहां मौजूद 07-08 व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम को जान माल की धमकी देते हुये पुलिस टीम पर हमला कर दिये, जिसमें दो पुलिस कर्मियों को चोटे भी आयी। पुलिस द्वारा मार पीट कर रहे दो व्यक्तियों अनिल पटेल व सागर को मौके पर ही पकड़ लिया गया तथा अन्य व्यक्ति मौके से भाग गये। उक्त घटना के संबंध में थाना रोहनियां में मु0अ0सं0 527/2020 धारा-147,332,333,353, 323,504,506,308 भादवि व 7 सीएलए एक्ट पंजीकृत कर उक्त दोनों अभियुक्तों अनिल पटेल व सागर को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

***गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-***

1.अनिल पटेल पुत्र शिवाश्रय निवासी नक्कूपुर थाना चुनार जनपद मिर्जापुर, उम्र करीब 21 वर्ष

2. सागर पुत्र सुभाष निवासी ग्राम रूदौली थाना चुनार जनपद मिर्जापुर उम्र करीब 23 वर्ष

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-***

1 –प्रभारी निरीक्षक परशुराम त्रिपाठी, उ0नि0 सचिन कुमार, उ0नि0 राजेश कुमार दुबे, का0 मनीष कन्नौजिया, का0 मनीष कुमार थाना रोहनियां वाराणसी।




प्रभारी निरीक्षक
सोशल मीडिया सेल
जनपद वाराणसी।

कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वाराणसी

**फ़ोन + 91-542-2502655/2502644, फैक्स-91-542-2501450,**

**ईमेल-sspvns-up@nic.in, Facebook-policevaranasi**

संख्या: पीआरओ 60/2020 दिनांक: दिसम्बर, 17/2020

***प्रेस नोट***

आज दिनांक 17-12-2020 को प्रभारी निरीक्षक भेलूपुर मय हमराह पुलिस बल के देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन में थाना क्षेत्र में मौजूद थे कि मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि मु0अ0सं0-0632/20 धारा-504/506/5 भादवि व 377m/3 पाक्सो एक्ट व 6(2)(v) SC/ST ACT में वाँछित अभियुक्त शिवकुमार पटेल पुत्र भोलानाथ पटेल कहीं भागने की फिराक में कमच्छा सट्टी तिराहे पर मौजूद है, यदि जल्दी किया जाए तो पकड़ा जा सकता है। मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना पर विश्वास कर प्रभारी निरीक्षक भेलूपुर द्वारा मय हमराह पुलिस बल के त्वरित कार्यवाही करते हुए कमच्छा सट्टी तिराहे पर पहुँचकर अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना भेलूपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

***गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-***

- शिवकुमार पटेल पुत्र भोलानाथ पटेल निवासी संजय भट्टाचार्या के मकान में किरायेदार म0न0-बी.ई -199 वीकालोनी बड़ीगैबी थाना भेलूपुर जनपद वाराणसी .ए.डी.। उम्र-19 वर्ष।

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:*-**

- अमित कुमार मिश्रा-प्रभारी निरीक्षक, का 0हरेन्द्र गुप्ता, कागोकुल प्रसाद 0 व का0 अनिल सिंह थाना भेलूपुर जनपद वाराणसी।



प्रभारी निरीक्षक
सोशल मीडिया सेल
जनपद वाराणसी।

कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वाराणसी
फ़ोन + 91-542-2502655/2502644, फैक्स-91-542-2501450,
ईमेल-sspvns-up@nic.in, Facebook-policevaranasi

संख्याः पीआरओ 61/2020 दिनांक: दिसम्बर, 17/2020

***प्रेस नोट***

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वाराणसी के निर्देशन में जनपद में नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालम्बन हेतु चलाये जा रहे *"मिशन शक्ति"* अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 17.12.2020 को वाराणसी पुलिस द्वारा जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों के स्कूल/कॉलेज व सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं/बालिकाओं के बीच जाकर पोस्टर/बैनर/पम्पलेट/आडियों/विडियो क्लिप के माध्यम से सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नम्बरों (112,1098,1090,181,1076,108,102) की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति पुलिस टीम जागरुकता अभियान चलाते हुए 148 स्थानों पर प्रचार-प्रसार कर कुल 4471 महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक किया गया। मिशन शक्ति से सम्बन्धित 926 पर्चे वितरित किये गये। एण्टीरोमियो स्क्वाड द्वारा कुल 133 स्थानों पर भ्रमण/चेकिंग करते हुए कुल 2472 महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक किया गया व सीआरपीसी की धारा 151 के अन्तर्गत 01 व्यक्ति के विरूद्ध कार्यवाही की गयी तथा मनचलों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 46 शोहदों से पूछताछ एवं सख्त हिदायत दी गयी।

प्रभारी निरीक्षक
सोशल मीडिया सेल
जनपद वाराणसी।

वाराणसी पुलिस : आपकी अपनी पुलिस

कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वाराणसी

फ़ोन + 91-542-2502655/2502644, फैक्स-91-542-2501450,

ईमेल-sspvns-up@nic.in, Facebook-policevaranasi

संख्या: पीआरओ 62/2020 दिनांक: दिसम्बर, 17/2020

*प्रेस नोट*

जनपद वाराणसी में कोविड 19-महामारी से बचाव हेतु राज्य सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुपालन के क्रम में वाराणसी पुलिस द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों में अनावश्यक बिना मास्क के घूम रहे व्यक्तियों, कालाबाजारी करने वालों दुकानदारों व यातायात नियमों का उल्लंघन करने व्यक्तियों के विरुद्ध सख्ती बरतते हुए आज दिनांक 17-12-2020 को विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए* कुल 27 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा-151 सीआरपीसी* के अन्तर्गत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया तथा बिना मास्क धारण किये *कुल 133 व्यक्तियों से रु0-3,000/- जुर्माना* जमा कराया गया।

जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में जनपदीय पुलिस व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए *कुल 877 वाहनों का चालान, 02 वाहनो को सीज तथा 179 वाहनों से रु-1,41,800/- समन शुल्क वसूल* किया गया।

प्रभारी निरीक्षक
सोशल मीडिया सेल
जनपद वाराणसी।